प्रेस नोट

दिनांक 08.04.2025

थाना को0 नगर पुलिस द्वारा डीजल चोर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 40 ली0 डीजल व 01 अल्टोकार बरामद -

कार्यवाहीः-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में को0 नगर पुलिस द्वारा डीजल चोर- सूरज प्रकाश पुत्र रामफेर नि0 जगदीशपुर थाना को0 नगर जनपद गोण्डा को डीजल डिपो के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 ली0 डीजल व 01 अल्टोकार बरामद किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 07.04.2025 को थाना को0 नगर के उ0नि0 रजनीश द्विवेदी मय हमराह फोर्स के साथ शांति व्यवस्था हेतु रात्रिगश्त में रवाना थे कि सूचना पर डीजल डिपों के पास से डीजल चोर सूरज प्रकाश पुत्र रामफेर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 ली0 डीजल व 01 अल्टोकार बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

पूछताछ का विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि वह डीजल डिपों के आसपास जो गाड़िया डीजल-पेट्रोल लेने आती है उन गाड़ियों से रात्रि में चुपचाप 10-05 ली0 डीजल-पेट्रोल चोरी कर लेता है तथा चोरी से प्राप्त डीजल-पेट्रोल को सस्तें दामों में गांव के लोगो को बेच देता है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01.सूरज प्रकाश पुत्र रामफेर नि0 जगदीशपुर थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0-252/2025, धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

बरामद-

01. 40 ली0 डीजल।

02. 01 अल्टोकार नं0-यू0पी046सी04467

गिरफ्तार कर्ता टीम-

01. उ0नि0 रजनीश द्विवेदी।

02. उ0नि0 सोनू कुमार।

03. हे0का0 कमलेश पाण्डेय।

04. हे0का0 मुबारक हुसैन।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट

दिनांक 08.04.2025

पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा फातिमा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल बडगांव की छात्राओं को आत्म-निर्भर, सशक्त और समाज में समान अधिकार दिलाने हेतु एन्टीरोमियों स्क्वायड टीम द्वारा मनचलों/शोहदों के विरूद्ध फीडबैक फार्म भरवाकर जारी किए जा रहे रेडकार्ड के सम्बन्ध में दी गयी जानकारी-

गोण्डा। आज दिनांक 08.04.2025 को क्षेत्राधिकारी लाइन उदित नारायन पालीवाल द्वारा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के तहत महिला सम्बन्धी अपराधों की घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाने तथा आध्यात्मिक, शारीरिक या मानसिक स्तर पर महिलाओं/छात्राओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हे सशक्त बनाने की दिशा में फातिमा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल बडगांव की छात्राओं को आत्म-निर्भर, सशक्त और समाज में समान अधिकार दिलाने हेतु एन्टीरोमियों स्क्वायड टीम द्वारा मनचलों/शोहदों के विरूद्ध फीडबैक फार्म भरवाकर जारी किए जा रहे रेडकार्ड के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जासससवाल द्वारा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं को आत्म-निर्भर, सशक्त और समाज में समान अधिकार दिलाने हेतु तथा मिशन शक्ति टीम को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु अभिनव प्रयोग किया गया है। जिसके तहत अब सभी एन्टी रोमियों स्क्वायड टीम स्कूल कॉलेजों में जा कर, वहां के प्रधानाचार्य के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा फीडबैक फॉर्म को छात्राओं के बीच वितरित करा के उनके बहुमूल्य सुझाव लिए जा रहे है। जिससे ऐसे स्थानों जहाँ पर शोहदों का जमावड़ा रहता है चिन्हित करने में मदद मिल रही है। फीडबैक से प्राप्त सुझावों के आधार पर चिन्हित समय व स्थानों पर एन्टी रोमियो स्क्वाड की सक्रियता बढायी गयी है। छात्राओं द्वारा अपने फीडबैक में दिये गए सभी बिंदुओं को थानावार चिन्हित कर उनकी मैपिंग की जा रही है। जिससे सभी टीमों को शोहदों/मनचलो द्वारा छात्राओ/महिलाओं के विरूद्ध छींटाकशी/अपमानजनक टिप्पणी किये जाने वाले स्थानों की व्यापक जानकारी हो रही है। चिन्हित स्थानों पर पुलिस की एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम मनचलो को पकड़ कर रेड कार्ड दे रही है। अंतिम चेतावनी स्वरूप निर्गत रेड कार्ड पाने वाले शोहदे दुबारा इस तरह की हरकत करते पाये गये तो पुलिस द्वारा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करेंगी। छात्राओं/महिलाओं से फीडबैक प्राप्त करने का पुलिस का उद्देश्य यह है कि हम उन स्थानों को चिन्हित कर सके जहां मनचले लड़को का जामावड़ा लगा रहता है। शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति में बालिकाओं और महिलाओं की सीधी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में गोण्डा पुलिस द्वारा ये पहल की जा रही है। तत्पचात एण्टीरोमियों टीम द्वारा छात्राओं को फीडबैक फार्म वितरित कराकर उनके बहुमूल्य सुक्षाव लिए गए तथा छात्राओं से प्राप्त फीडबैक के आधार पर चिन्हित स्थानों की मैपिंग करायी गयी। उक्त अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.04.2025 को सभी एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा कुल-19 स्कूल/कालेजों में पंहुचकर छात्रा/छात्राओं से करीब 2076 फीडबैक फार्म प्राप्त कर सुझाव लिए गए। प्राप्त सुझावों के आधार पर अब तक जनपद में 21 स्थानों को चिन्हित कर मैपिंग करायी गयी।

इस अवसर पर अति0 प्र0नि0 को0 नगर श्री अरविन्द यादव, एण्टी रोमियों टीम प्रभारी म0उ0नि0 पूजा वर्मा सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहें।

मीडिया सेल, गोण्डा।